रविवार
31 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर



वर्ष 2, अंक 111 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## बिहारशरीफ नगर निगम की सशक्त समिति में बड़ा उलटफेर



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बिहारशरीफ नगर निगम सहित जिले के सभी 15 नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर शनिवार को दिनभर राजनीतिक सरगर्मी बनी रही। कई निकायों में सदस्यों का चयन निर्विरोध हुआ, जबकि बिहारशरीफ नगर निगम में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और मतदान के बाद परिणाम घोषित किए गए। चुनाव के नतीजों ने नगर निगम की सियासी तस्वीर बदल दी।नगर निगम की सात सदस्यीय सशक्त स्थायी समिति के लिए प्रत्येक पद पर दो-दो उम्मीदवार मैदान में थे। कड़ी टक्कर के बीच हुए मतदान में एक धड़े ने छह सीटों पर जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ बनाई, जबकि प्रतिद्वंद्वी गुट को केवल एक सीट से संतोष करना पड़ा। परिणाम को नगर निगम की राजनीति में बड़ा उलटफेर माना जा रहा है।

घोषित परिणामों के अनुसार संजय कुमार, धनजयं कुमार, सरफराज, अंबिका सोनी, आशमा खातून, विनोद रविदास और संजय आजाद ने जीत हासिल कर सशक्त स्थायी समिति में जगह बनाई। मतदान की पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक निगरानी में सीसीटीवी कैमरों और वीडियोग्राफी के बीच संपन्न कराई गई, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

परिणाम घोषित होने के बाद विजयी सदस्यों को निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इसके बाद सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नई समिति के गठन के साथ ही नगर निगम में शक्ति संतुलन बदल गया है और आने वाले दिनों में इसके राजनीतिक प्रभाव को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

## मौत के कुएं में गूंज रही रफ्तार की गर्जना, मलमास मेले में उमड़ रही दर्शकों की भीड़



प्रेम कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर में आयोजित राजकीय मलमास मेला श्रद्धा, आस्था और मनोरंजन का अनूठा संगम बना हुआ है। एक माह तक चलने वाले इस भव्य मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ मनोरंजन के भी अनेक आकर्षक साधन उपलब्ध हैं, जिनका आनंद लेने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

मेले में बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं। आकाश झूला, ड्रैगन झूला, ब्रेक डांस, टोरा-टोरा सहित कई आधुनिक झूलों पर दिनभर लोगों की भीड़ लगी रहती है। हालांकि इन सभी आकर्षणों के बीच सबसे अधिक चर्चा और उत्सुकता का केंद्र "मौत का कुआं" बना हुआ है।

लकड़ी से निर्मित गोलाकार संरचना में संचालित इस रोमांचक प्रदर्शन को देखने के लिए हर शो में सैकड़ों दर्शक जुट रहे हैं। मौत के कुएं में दो कार चालक और चार मोटरसाइकिल चालक हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित कर रहे हैं। तेज रफ्तार से दीवारों पर दौड़ती कारें और मोटरसाइकिलें दर्शकों को सांसें थामने पर मजबूर कर देती हैं।विशेष बात यह है कि इस प्रदर्शन में लड़के और लड़कियां दोनों शामिल हैं, जो अपने साहस, संतुलन और कौशल का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। कई बार चालक एक-दूसरे के बेहद करीब से गुजरते हैं, जिससे दर्शकों में रोमांच और बढ़ जाता है। करतब के दौरान गूंजती मोटरों की आवाज और तालियों की गड़गड़ाहट पूरे परिसर को उत्साह से भर देती है।मेले में पहुंचे लोगों का कहना है कि धार्मिक वातावरण के बीच इस तरह के मनोरंजन कार्यक्रम मेले की रौनक को और बढ़ा रहे हैं। शाम होते ही मौत के कुएं के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं। कुल मिलाकर राजकीय मलमास मेला श्रद्धालुओं के साथ-साथ रोमांच प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

## सभी वर्गों के विकास के लिए कृतसंकल्पित है सरकार : श्रवण कुमार




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के कोसुक एवं राणा बिगहा में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत निर्मित दो पीसीसी सड़क योजनाओं का उद्घाटन रविवार को क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने किया। वार्ड संख्या 50 के कोसुक गांव में दिनेश पासवान के घर से गांधी डीलर के घर तक तथा वार्ड संख्या 49 के न्यू एरिया राणा बिगहा में एनएच नवादा रोड से अभिमन्यु कुशवाहा के घर तक नवनिर्मित पीसीसी ढलाई सड़क का लोकार्पण किया गया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सात निश्चय योजना ने बिहार के हर वर्ग, हर धर्म और हर जाति के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रके नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाया गया है। आज बिहार की महिलाएं विकास और आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं।

मंत्री ने कहा कि बिहार में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। यही कारण है कि आज बिहार के लोग देश के किसी भी हिस्से में गर्व से अपनी पहचान बताते हैं।

इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार, देव युगल किशोर मुखिया, बिट्टू कुशवाहा, मुन्नी देवी, अभिमन्यु कुशवाहा, भोला प्रसाद, वीरू कुशवाहा, मन्नू पासवान, विश्वास सिंह, जयंत शर्मा, रामवृक्ष प्रसाद, रविंद्र कुशवाहा, संजय प्रसाद कुशवाहा, सिंटू कुमार, संजय राम, रंजीत सिंह, मुन्ना पासवान, इंदु चौहान, दिनेश साव, गुलशन कुशवाहा, सकलदीप प्रसाद, टूनटून चंद्रवंशी, जीतन चौहान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ जवान सोनू हत्याकांड में दोषी को उम्रकैद, 50 हजार जुर्माना

हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)। लगभग छह वर्ष पुराने चर्चित सीआरपीएफ जवान हत्याकांड में बिहारशरीफ व्यवहार न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए एक आरोपित को दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-08) रणविजय कुमार की अदालत ने हरनौत थाना क्षेत्र के जोरारपुर गांव निवासी बबलू कुमार उर्फ बबलू यादव को हत्या और लूट के मामले में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी स्नेह लता सुजल ने बताया कि 23 जुलाई 2021 की सुबह सकसोहरा निवासी सीआरपीएफ जवान सोनू कुमार अपनी बाइक से पटना जा रहे थे। इसी दौरान हरनौत थाना क्षेत्र स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के पास पहले से घात लगाए तीन बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें रोक लिया। अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर उनका मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने और आगे बढ़ने पर आरोपितों ने पीछे से गोली चला दी, जो सोनू कुमार की पीठ में लगी।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल जवान को हरनौत अस्पताल पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, जिसके बाद मामला हत्या में परिवर्तित हो गया। पुलिस ने पीएमसीएच में घायल जवान का बयान दर्ज किया था और अनुसंधान के दौरान बबलू यादव को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्तौल भी बरामद की थी। मामले में सात गवाहों की गवाही के आधार पर अदालत ने दोष सिद्ध मानते हुए यह फैसला सुनाया।

# अस्थावां की सियासत में नया समीकरण, सशक्त समिति चुनाव में बदले चेहरे



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के अस्थावां नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर शनिवार को हुए चुनाव में बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिला। तीन पदों के लिए हुए मुकाबले में नए चेहरों ने जीत दर्ज कर नगर पंचायत की राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया।

सशक्त स्थायी समिति के तीन पदों के लिए कुल छह उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान के बाद घोषित परिणामों के अनुसार समिति-1 से सुबोध कुमार, समिति-2 से संगीता कुमारी तथा समिति-3 से सर्वेश कुमार विजयी घोषित किए गए। तीनों विजेताओं ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़े मुकाबले में पराजित कर जीत हासिल की।

समिति-1 के चुनाव में सुबोध कुमार ने मुनेश्वर कुमार सिन्हा उर्फ मुन्ना को दो मतों के अंतर से हराया। समिति-2 में संगीता कुमारी ने सरिता कुमारी को चार मतों से पराजित किया, जबकि समिति-3 में सर्वेश कुमार ने बसंती देवी को सात मतों के अंतर से शिकस्त देकर जीत दर्ज की।

चुनाव प्रक्रिया की निगरानी कर रहे डीसीएलआर विजय कुमार ने बताया कि मतदान एवं मतगणना पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

मुख पार्षद प्रतिनिधि विजय शंकर प्रसाद ने चुनाव को लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता बताया, वहीं उपमुख पार्षद अजीत कुमार पासवान ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। इस दौरान प्रशासनिक एवं चुनावी अधिकारियों समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दहपर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव, आठ जून को महाभंडारा



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय प्रखंड के दहपर हाई स्कूल मैदान में 1 जून से 7 जून तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और आयोजन समिति द्वारा तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 1 जून की सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जबकि उसी दिन शाम से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा। कथा का समापन 7 जून को होगा तथा 8 जून को विशाल महाभंडारा आयोजित किया जाएगा।

महोत्सव में वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक परम पूज्य श्री श्याम शुभम जी महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजनकर्ता, समाजसेवी एवं परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक अरविंद कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय लोगों और सनातन धर्म प्रेमियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कथा स्थल पर बैठने, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यापक तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति ने जिले और आसपास के क्षेत्रों के लोगों से बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने तथा महाभंडारा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।प्रेस वार्ता में नीतीश कुमार, चुन्नू, फंटूश, शेखर मुखिया, संजय प्रसाद, सूर्यमणि, रणवीर सिंह, रविशंकर प्रसाद, डॉ. रामप्रवेश प्रसाद, रविरंजन कुमार, पिंटू, बखोरी पासवान और अरविंद पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।









# चंडी नगर पंचायत समिति चुनाव में तीन नए सदस्य हुए निर्वाचित,सशक्त स्थायी समिति के लिए शत्रुधन, ललन और नीलम ने दर्ज की जीत



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्य पदों के लिए शनिवार को प्रखंड कार्यालय स्थित कार्यशाला भवन में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में मतदान संपन्न हुआ। मतदान के बाद हुई मतगणना में तीनों पदों पर विजयी उम्मीदवारों की घोषणा की गई। परिणाम घोषित होने के उपरांत सभी निर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया तथा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।निर्वाचन प्रक्रिया के तहत सदस्य संख्या-1 के लिए हुए मुकाबले में शत्रुधन कुमार ने 8 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी राकेश रौशन को 2 मत मिले, जबकि एक मत अवैध घोषित किया गया। सदस्य संख्या-2 के चुनाव में ललन केवट ने 6 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उनके प्रतिद्वंद्वी सूरज कुमार को 3 मत मिले तथा इस पद के लिए डाले गए दो मत अवैध पाए गए।वहीं सदस्य संख्या-3 के लिए हुए चुनाव में नीलम सिन्हा ने 8 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। उनकी प्रतिद्वंद्वी सरिता देवी को 3 मत मिले। इस प्रकार शत्रुधन कुमार, ललन केवट और नीलम सिन्हा सशक्त स्थायी समिति के सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए।परिणाम की घोषणा के बाद नगर पंचायत परिसर में समर्थकों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला। विजयी उम्मीदवारों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और उन्हें जीत की बधाई दी गई।इस अवसर पर चंडी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मनोज कुमार ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सशक्त स्थायी समिति नगर पंचायत की महत्वपूर्ण इकाई है, जो विकास योजनाओं, वित्तीय मामलों और प्रशासनिक निर्णयों में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि नवगठित समिति जनहित के मुद्दों के समाधान और क्षेत्र के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देगी।
चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि नई समिति नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देगी।

# महेशपुर में मृदा परीक्षण दिवस, किसानों को वैज्ञानिक खेती की जानकारी





चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड के महेशपुर गांव में चम्बल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा 'उत्तम संतुलित पोषण अभियान' के तहत मृदा परीक्षण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संतुलित पोषण प्रबंधन, मृदा परीक्षण तथा वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन अभियान के मैनेजर नीतीश चौधरी एवं सुपरवाइजर मनीष कुमार के नेतृत्व में किया गया।
इस अवसर पर किसानों को मिट्टी की जांच के महत्व, फसलों की पोषण आवश्यकताओं तथा उर्वरकों के संतुलित उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मैनेजर नीतीश चौधरी ने कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने से खेती की लागत घटती है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है। वहीं सुपरवाइजर मनीष कुमार ने किसानों को मिट्टी का नमूना लेने की सही विधि, परीक्षण प्रक्रिया तथा रिपोर्ट के अनुसार पोषक तत्वों की पूर्ति करने के उपाय बताए।
उन्होंने कहा कि मृदा परीक्षण से मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश सहित अन्य आवश्यक तत्वों की उपलब्धता का पता चलता है, जिससे उचित उर्वरक प्रबंधन संभव होता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने खेती एवं मिट्टी की गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया।
ग्रामीण किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में किरानी प्रसाद, बबलू प्रसाद, नंदन प्रसाद, राकेश कुमार, अश्विनी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में किसानों को मृदा परीक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा संतुलित उर्वरक उपयोग का संकल्प दिलाया गया।









# पुलिस की घेराबंदी में फंसा बीयर तस्कर, पीछा कर दबोचा गया



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोहसराय थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में बीयर बरामद की है। आरोपी की पहचान सोहडीह निवासी 33 वर्षीय मनीष कुमार के रूप में हुई है।सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति स्कूटी पर बड़े थैले में बीयर लेकर हॉस्पिटल मोड़ की ओर से सोहडीह जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में निगरानी बढ़ाते हुए संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू कर दी।

जांच के दौरान छोटी पहाड़ी स्थित धर्मशाला के समीप शिव मंदिर के पास पुलिस ने एक स्कूटी सवार युवक को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही युवक घबरा गया और स्कूटी की गति बढ़ाकर भागने लगा। इसके बाद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए करीब 300 मीटर तक उसका पीछा किया और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर स्कूटी पर रखे बड़े थैले से 500 एमएल की कुल 46 पीस बीयर बरामद हुई। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी से शराब की खरीद-बिक्री और तस्करी के नेटवर्क से जुड़ी जानकारी भी जुटाई जा रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही मामले की विस्तृत जांच जारी है और तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

# नालंदा पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा पुलिस ने वाहन चोरी के एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। लहेरी थाना पुलिस की इस कार्रवाई में चोरी की एक स्कॉर्पियो, एक होंडा सिटी कार, कई वाहनों के नंबर प्लेट और सात मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, 23 मई 2026 को लहेरी थाना क्षेत्र के मंगला स्थान स्थित वैष्णवी मैरिज हॉल की पार्किंग से एक स्कॉर्पियो चोरी हो गई थी। इस संबंध में लहेरी थाना कांड संख्या 228/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले में छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर रांची से दो अन्य लोगों को भी पकड़ा गया, जिनके कब्जे से चोरी की स्कॉर्पियो बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुजफ्फरपुर निवासी अजय कुमार और बिट्टू कुमार, वैशाली निवासी अमन कुमार और रजनीश कुमार तथा रांची निवासी असफान और अनस जमील के रूप में हुई है।

पुलिस ने इनके पास से चोरी की स्कॉर्पियो, दिल्ली से चोरी की गई होंडा सिटी कार, विभिन्न मामलों से जुड़े कई नंबर प्लेट और सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जांच में सामने आया है कि सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है और इनके खिलाफ बिहार, झारखंड तथा दिल्ली में वाहन चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी और चोरी के वाहनों की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।






# हिलसा नगर परिषद सशक्त स्थायी समिति चुनाव में तीन सदस्य निर्वाचित




हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्यों के लिए शनिवार को हुए चुनाव में विजय कुमार विजेता, सुमित कुमार एवं तबस्सुम परवीन निर्वाचित घोषित किए गए। नगर परिषद कार्यालय के सभागार कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल की देखरेख में मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।

चुनाव में कुल छह उम्मीदवार मैदान में थे। नगर परिषद के 26 वार्ड पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए तीन सदस्यों का चयन किया। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की गई, जिसके उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी ने परिणामों की घोषणा की और विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

मतगणना में सुमित कुमार को सर्वाधिक 19 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी संतोष कुमार गुप्ता को 7 मत मिले। विजय कुमार विजेता को 18 मत प्राप्त हुए, जबकि रीना देवी को 8 मतों से संतोष करना पड़ा। वहीं तबस्सुम परवीन को 17 मत मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी सुजन्ती देवी को 9 मत प्राप्त हुए।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही नगर परिषद कार्यालय परिसर में समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। विजयी उम्मीदवारों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और समर्थकों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया।

नवनिर्वाचित सदस्य विजय कुमार विजेता ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता होगी। सुमित कुमार ने हिलसा को आदर्श नगर परिषद बनाने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया, जबकि तबस्सुम परवीन ने स्वच्छता और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही।

चुनाव परिणाम के बाद नगर परिषद की राजनीति में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस चुनाव के परिणाम स्थानीय राजनीतिक समीकरणों पर प्रभाव डाल सकते हैं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नर्सिंग छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर माता सुशीला संस्थान ऑफ नर्सिंग द्वारा शनिवार को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता रैली एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को तंबाकू और निकोटीन से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

आयोजित रैली में संस्थान के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां, बैनर और संदेश लिए छात्र-छात्राएं सड़कों पर उतरे और लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान "तंबाकू को कहें ना, जीवन को कहें हां" तथा "स्वस्थ समाज, तंबाकू मुक्त समाज" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर संस्थान की प्रिंसिपल सुश्री प्रियंका चौधरी ने कहा कि तंबाकू सेवन आज समाज के सामने एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। इसके कारण हर वर्ष लाखों लोग कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक तथा श्वसन संबंधी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से तंबाकू और निकोटीन उत्पादों से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।कार्यक्रम में ट्यूटर सुश्री रानी स्तुति सिन्हा, सुश्री पम्मी कुमारी, सुश्री सृष्टि कुमारी, श्री श्रीनिवास माथुर, श्री प्रिंस कुमार, श्री गौरव सिंह, सुश्री अंजलि भारती, सुश्री वंदना कुमारी सहित संस्थान के अन्य शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर आम लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा उन्हें स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।रैली के दौरान विद्यार्थियों ने लोगों को बताया कि तंबाकू के सेवन से फेफड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और सांस संबंधी कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने लोगों से नशे की लत छोड़कर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील की।

# जनजीवक संघ की बैठक में ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों को स्वास्थ्य प्रशिक्षण देने पर जोर





संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जनजीवक संघ की एक आवश्यक बैठक शनिवार को संघ कार्यालय भराव में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने की। बैठक में ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों की भूमिका, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने बताया कि 5 अप्रैल को राजगीर में आयोजित राज्यस्तरीय ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था। सम्मेलन में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार द्वारा 25 ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया था।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए संघ द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से प्राथमिक उपचार संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बैठक के दौरान मेनिनजाइटिस जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी की पहचान एवं प्राथमिक उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के शुरुआती लक्षणों में तेज सिरदर्द, बुखार, उल्टी और बेचैनी शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर मरीज को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या विशेषज्ञ चिकित्सक के पास भेजना चाहिए, ताकि समय रहते उसका उपचार हो सके और जीवन बचाया जा सके।संघ के मुख्य संरक्षक सह सलाहकार डॉ. सियासन प्रसाद ने सम्मेलन की सफलता पर सभी ग्रामीण चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है।

बैठक में संघ के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, सचिव डॉ. संजय कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. भोला प्रसाद, डॉ. श्याम किशोर प्रसाद, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. ओमप्रकाश, कुंदन कुमार, जिया-उल-हक, डॉ. निसार अहमद सहित सैकड़ों ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शशी भूषण प्रसाद ने किया।






# दिल्ली दौरे में श्रेयसी सिंह ने रखा बिहार के विकास का खाका



जेपी चौधरी

पटना(अपना नालंदा)। बिहार सरकार की उद्योग सह खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने नई दिल्ली दौरे के दौरान विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर राज्य में औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन, रोजगार सृजन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने केंद्र सरकार के समक्ष बिहार के औद्योगिक और पारंपरिक हस्तशिल्प क्षेत्र को नई पहचान दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखे।

श्रेयसी सिंह ने केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात कर बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने पर चर्चा की। इसके बाद केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात में राज्य में टेक्सटाइल उद्योग के विस्तार, निवेश आकर्षित करने तथा हस्तशिल्प और हैंडलूम क्षेत्र को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श हुआ।

उन्होंने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की। इस दौरान बिहार में डिफेंस कॉरिडोर और डीआरडीओ की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा हुई, जिससे रक्षा क्षेत्र से जुड़े उद्योगों और रोजगार के नए अवसर विकसित किए जा सकें।

दिल्ली दौरे के दौरान मंत्री ने बिहार में दो मेगा टेक्सटाइल पार्क, सिल्क टूरिज्म क्लस्टर, हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट क्लस्टर, राष्ट्रीय हस्तशिल्प वस्त्र एवं नवाचार संस्थान, स्पोर्टेक और एग्रोटेक क्लस्टर तथा बेगूसराय में औद्योगिक पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा 'भव्य' योजना के तहत चार नए औद्योगिक पार्क विकसित करने की भी मांग की।

# शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राकेश मिश्र हुए सम्मानित

जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। सामाजिक संस्था 'छू लो आसमान फाउंडेशन' के तत्वावधान में जगजीवन राम सामाजिक शोध संस्थान, पटना के सभागार में आयोजित विविध क्षेत्रों के श्रेष्ठ सम्मान समारोह में राजधानी के प्रतिष्ठित आर.सी. सेंट्रल स्कूल, एजी कॉलोनी के प्रधानाचार्य राकेश कुमार मिश्र को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें वर्ष 2026 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित भरत सिंह भारती ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर राकेश कुमार मिश्र के शिक्षा के क्षेत्र में लगभग तीन दशक से किए जा रहे योगदान की सराहना की गई। बताया गया कि उन्होंने लंबे समय से दीन-दुखी एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षित करने का कार्य किया है। उनके प्रयासों से अनेक छात्र आज समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहे हैं।

नवादा जिले के एक सुदूरवर्ती गांव से आने वाले राकेश कुमार मिश्र ने पटना सहित कई जिलों में रहकर विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक सेवा दी है। वर्तमान में वे राजधानी पटना में शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं



और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।सम्मान प्राप्त करने के बाद राकेश कुमार मिश्र ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का है, जिनके सहयोग, मार्गदर्शन और आशीर्वाद से वे समाज सेवा का कार्य कर पाए हैं। उन्होंने भविष्य में भी गरीब और अभावग्रस्त विद्यार्थियों की सहायता करने का संकल्प दोहराया तथा अपनी प्रेरणा का श्रेय अपने पिता उपेंद्र मोहन मिश्र और दिवंगत माता योगमाया देवी को दिया।

# ग्लोबल आइकन अवार्ड समारोह में शिक्षकों का सम्मान, शिक्षा सुधार पर मंथन



जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। बिहटा के नया रोड स्थित डॉ. अशोक गगन कॉलेज परिसर में शनिवार को एकेडमी ऑफ ग्लोबल अचीवर्स के तत्वावधान में आयोजित ग्लोबल आइकन अवार्ड-2026 समारोह में शिक्षकों, शिक्षाविदों एवं प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दानापुर एवं पालीगंज अनुमंडल के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया।

समारोह का उद्घाटन एकेडमी ऑफ ग्लोबल अचीवर्स की चेयरपर्सन एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की एमएलसी प्रत्याशी एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दिव्य ज्योति, चाणक्य फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संरक्षक डॉ. अशोक गगन तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

अपने संबोधन में डॉ. दिव्य ज्योति ने कहा कि शिक्षक के कंधों पर देश और समाज का भविष्य टिका होता है, लेकिन आज शिक्षक वर्ग उपेक्षा और असमानता का सामना कर रहा है। उन्होंने समान कार्य के लिए समान वेतन, सेवा सुरक्षा, पारदर्शी प्रोन्नति व्यवस्था और सम्मानजनक कार्य वातावरण की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि राजनीति केवल पद बचाने की नहीं, बल्कि शिक्षक समाज का भविष्य सुरक्षित करने की होनी चाहिए।

डॉ. अशोक गगन ने कहा कि शिक्षक समाज को संघर्षशील, ईमानदार और जवाबदेह नेतृत्व की आवश्यकता है, जो उनकी आवाज को प्रभावी ढंग से विधान परिषद तक पहुंचा सके।कार्यक्रम के दौरान शिक्षा सुधार, वित्त रहित शिक्षकों की समस्याओं, शिक्षक राजनीति और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में शिक्षकों एवं प्राचार्यों को शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार हेमंत कुमार एवं प्रो. गुड़िया झा ने किया। इस अवसर पर दिलीप शर्मा, चंदन सिंह, चिंटू पटेल, पीयूष प्रसाद, रणजीत प्रसाद, रवि पासवान, जावेद अंसारी, नितेश कुमार, रितेश कुमार, अजीत शर्मा, सुधीर कुमार, संजय कुमार, श्रवण कुमार, ई. आशीष सिन्हा, पंकज रजक सहित सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

# इसरो के युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में शामिल होकर उज्ज्वल ने बढ़ाया मान

पटना (अपना नालंदा)। पटना जिले से एकमात्र चयनित छात्र एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बिक्रम के विद्यार्थी उज्ज्वल राज ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम (युविका-2026) में भाग लेकर विद्यालय, जिले और बिहार का गौरव बढ़ाया है।

11 से 22 मई 2026 तक बेंगलुरु स्थित यू.आर. राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के क्षेत्र से परिचित कराना था। कार्यक्रम के दौरान उज्ज्वल राज को इसरो अध्यक्ष एवं अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन, यूआरएससी निदेशक डॉ. एम. शंकरण, मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक डी.के. सिंह तथा भारतीय वायु सेना के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जैसे वरिष्ठ वैज्ञानिकों और अधिकारियों से संवाद का अवसर मिला।

उज्ज्वल ने उपग्रह प्रौद्योगिकी, रॉकेट विज्ञान, रिमोट सेंसिंग तथा अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मॉडल रॉकेट्री और मून रोवर जैसी गतिविधियों में भी भाग लिया। साथ ही इसरो की प्रमुख



इकाइयों आईसाइट, इस्ट्रैक और लिओस का भ्रमण कर उपग्रह निर्माण एवं मिशन संचालन की प्रक्रियाओं को नजदीक से समझा।

कार्यक्रम से लौटने पर पटना सिटी के बेलवरगंज स्थित उनके आवास पर उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, रंगकर्मी आलोक चोपड़ा, समाजसेवी कमलनयन श्रीवास्तव, राजेश राय सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उज्ज्वल के माता-पिता ऋतु राज एवं राजेश राज, मीणा देवी, मोहित कुमार, प्रिंस राज, युवराज, निशु चंद्रवंशी, नैतिक राज, संतोष कुमार, डॉली देवी, श्वेता राज सहित अन्य परिजन एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। उज्ज्वल ने इस अनुभव को अपने जीवन का सबसे प्रेरणादायक और यादगार अवसर बताया।


# जहानाबाद में भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान" के तहत जहानाबाद में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और राष्ट्र निर्माण के मूल मंत्रों से अवगत कराया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा देश की ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो सत्ता में आने के बाद भी अपने वैचारिक संकल्पों और चुनावी वादों को नहीं भूलती। पार्टी राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास को अपनी राजनीति का आधार मानते हुए लगातार जनहित में कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कई ऐतिहासिक निर्णय देखे हैं। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने जैसे कदम भाजपा की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारत आज तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री, कार्यक्रम प्रमुख अनिल ठाकुर, अमरेंद्र कुमार समेत कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 की तैयारियों में तेजी, डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। भारत की जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी चार्ज अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की त्रुटि, विसंगति अथवा तकनीकी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आगे की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके।

उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र का वर्किंग मैप एवं चार्ज रजिस्टर तैयार कर निर्धारित समय सीमा के भीतर जनगणना निदेशालय को भेजने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी मकानों की गणना पूरी तरह से की गई है और उसका विधिवत सत्यापन भी हो चुका है।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण और संसाधनों के उचित वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता और पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी तथा सभी चार्ज अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

# बाल श्रम पर शिकंजा कसने को अधिकारियों को मिले कड़े निर्देश



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। बाल श्रम उन्मूलन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जहानाबाद परिसदन में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार राज्य श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने की। इस दौरान जिले में बाल श्रम रोकथाम को लेकर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में बाल श्रम मुक्त बिहार के लक्ष्य को साकार करने पर विशेष जोर दिया गया। श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष ने सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, दुकानों, प्रतिष्ठानों तथा ईंट-भट्ठों में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाए। जांच के दौरान यदि किसी भी स्थान पर बाल श्रमिक कार्य करते पाए जाते हैं तो संबंधित नियोजकों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई जाए।बैठक में श्रम अधीक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले से 11 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया था, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 4 बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले नियोक्ताओं को जिला बाल श्रमिक-सह-पुनर्वास कल्याण कोष में 20-20 हजार रुपये जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया है।बैठक में सभी प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, श्रम विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बाल श्रम उन्मूलन अभियान को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर, अभियोजन समिति की बैठक में एसपी ने दिए निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला अभियोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला विधि शाखा के प्रभारी पदाधिकारी, सभी सहायक लोक अभियोजक, अभियोजक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और अभियोजन कार्यों में तेजी लाना रहा।

बैठक के दौरान अभियोजन कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही न्यायालयों में लंबित मामलों, समय पर अभिलेखों की उपलब्धता, गवाहों की उपस्थिति, समन तामिला की स्थिति तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। अधिकारियों को अभियोजन कार्यों में आने वाली चुनौतियों को दूर कर मामलों के निष्पादन की गति बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने सभी सहायक लोक अभियोजकों को प्रत्येक माह अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष रणनीति बनाकर कार्य किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके और न्यायिक प्रक्रिया प्रभावी ढंग से संचालित हो।बैठक में त्वरित एवं सामान्य विचारण से संबंधित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने, न्यायालयों में गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा अभियोजन कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी संबंधित अधिकारियों को पोर्टल पर मामलों की प्रविष्टि नियमित रूप से अद्यतन रखने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभियोजकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की भी घोषणा की गई।

# हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर वरिष्ठ पत्रकार डॉ. शशि भूषण को मिला 'स्मरण उदन्त मार्तण्ड सम्मान-2026'




पटना/कोलकाता(अपना नालंदा)। हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कोलकाता गर्ल्स कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी एवं 'स्मरण उदन्त मार्तण्ड सम्मान-2026' समारोह में बिहार के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. शशि भूषण कुमार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मातृभाषा पत्रकारिता, मानवाधिकार पत्रकारिता तथा समाजोन्मुखी पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

यह भव्य आयोजन सार्क देशों के पत्रकारों के सबसे सक्रिय संगठन सार्क जर्नलिस्ट फोरम (इंडियन चैप्टर) एवं भारतीय हिन्दी प्राध्यापक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। समारोह में भारत सहित दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों के पत्रकार, शिक्षाविद, साहित्यकार और शोधार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं एकलव्य विद्वान प्रो. शंभूनाथ तिवारी थे। वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका तथा सार्क जर्नलिस्ट फोरम की केंद्रीय समिति सदस्य प्रो. अस्मिता मिश्र, भारतीय हिन्दी प्राध्यापक परिषद के महासचिव प्रो. संजीव दुबे सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने समारोह को संबोधित किया। कोलकाता गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सत्य उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि मंच संचालन सार्क जर्नलिस्ट फोरम इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. अनिरुद्ध सुधांशु ने किया।

सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. शशि भूषण कुमार ने इसे बिहार की पत्रकारिता, हिंदी भाषा और मातृभाषा पत्रकारिता के प्रति समर्पित सभी पत्रकारों का सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचारों का संप्रेषण नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय सरोकारों को सशक्त करने का माध्यम है।

डॉ. शशि भूषण कुमार लंबे समय से हिंदी एवं मातृभाषा पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी पहचान एक निर्भीक, संवेदनशील और जनपक्षधर पत्रकार के रूप में रही है। मानवाधिकार, सामाजिक न्याय, शिक्षा, संस्कृति और ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर उनकी लेखनी लगातार प्रभाव छोड़ती रही है।

गौरतलब है कि इसी वर्ष श्रीलंका की प्रतिष्ठित संस्था साउथ एशिया कोलैबोरेशन फाउंडेशन द्वारा दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों में पत्रकारिता नेतृत्व के लिए उन्हें प्रतिष्ठित "साउथ एशिया हीरो अवार्ड-2026" से सम्मानित किया गया था। इससे पूर्व वर्ष 2025 में नेपाल में मातृभाषा पत्रकारिता के जनक धर्मादित्य धर्माचार्य के नाम पर स्थापित "धर्मादित्य धर्माचार्य अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा पत्रकारिता सम्मान-2025" भी उन्हें प्रदान किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त डॉ. शशि भूषण कुमार को थाईलैंड, मॉरीशस सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। उनकी उपलब्धियां न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के पत्रकारिता जगत के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी वर्ष में मिला यह सम्मान बिहार की पत्रकारिता परंपरा के लिए भी गौरव का विषय माना जा रहा है। पत्रकारिता जगत, साहित्यिक एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने डॉ. शशि भूषण कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे पूरे बिहार के लिए सम्मान और गर्व का क्षण बताया है।

# हिन्दी पत्रकारिता से आजादी की लड़ाई को मिली थी मजबूती : कमल किशोर



औरंगाबाद (बिहार)। हिन्दी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को औरंगाबाद के सत्येन्द्र नगर में नवबिहार टाइम्स द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस-2026 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों से पहुंचे पत्रकारों, साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास, उसके संघर्ष, योगदान और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर, भूपेन्द्र नारायण सिंह, अजय श्रीवास्तव, संजय सिन्हा एवं कौस्तुभ किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कमल किशोर ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने देश की स्वतंत्रता संग्राम को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। हिन्दी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं ने ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध जनमत तैयार किया तथा लोगों में राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता की चेतना जगाने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता केवल समाचारों के प्रकाशन तक सीमित नहीं रही, बल्कि सामाजिक सुधार, जनजागरण और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होना पूरे देश के लिए गर्व का विषय है और यह अवसर पत्रकारिता की गौरवशाली परंपरा को स्मरण करने का है।

कमल किशोर ने कहा कि पत्रकारों को दिया गया सम्मान केवल व्यक्तियों का सम्मान नहीं, बल्कि हिन्दी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायक यात्रा को नमन है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता के सामने कई चुनौतियां हैं, लेकिन निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और जनहित के मूल्यों को बनाए रखते हुए पत्रकारों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

समारोह में औरंगाबाद, पटना, रोहतास, गया, कैमूर, अरवल, जहानाबाद, धनबाद तथा मेदिनीनगर सहित विभिन्न जिलों और अनुमंडलों से आए पत्रकारों ने भाग लिया। इस दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिला प्रमुखों, अनुमंडल संवाददाताओं तथा प्रखंड संवाददाताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ पत्रकार प्रेमेन्द मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी स्वतंत्रता आंदोलन के समय थी। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता ही समाज को सही दिशा प्रदान कर सकती है। वक्ताओं ने पत्रकारों से तथ्यपरक और जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान हिन्दी पत्रकारिता से जुड़े अनेक वरिष्ठ पत्रकारों, साहित्यकारों और संपादकों के योगदान को भी याद किया गया। सम्मानित पत्रकारों ने नवबिहार टाइम्स परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन पत्रकारों का मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें और अधिक जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

समारोह में मुकेश कुमार सिंह, मदन श्रीवास्तव, अटल बिहारी सिंह, अजय वर्मा, राधाकांत देव, पूर्णानंद उपाध्याय, अनिल कुमार, सूरज कुमार, रंजन कुमार, मदन कुमार, शशि तुलस्यान, जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार, प्रेम कुमार, डीके यादव, चंदन मिश्र, रंजीत कुमार, अशोक कुमार, अनिल कुमार गिरी, भरत ठाकुर, मिथिलेश कुमार, चितरंजन कुमार, धीरज सिन्हा, ओम प्रकाश शर्मा, राकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को मिलेगा डिजिटल जन सेवा सम्मान

नई दिल्ली(अपना नालंदा)। महान समाजसेवी एवं युवा प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के विचारों तथा वेदांत के मानव कल्याणकारी संदेशों से प्रेरित होकर राष्ट्रीय सामाजिक संस्था नवीन डिजास्टर रेस्क्यू फाउंडेशन द्वारा 'डिजिटल जन सेवा सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार-सामाजिक कार्यकर्ता सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि समाज के उत्थान और जनसेवा के कार्यों में लगे लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए यह विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले अनेक कार्यकर्ता ऐसे हैं, जिनकी सेवाएं प्रेरणादायी होने के बावजूद व्यापक स्तर पर सामने नहीं आ पातीं। ऐसे लोगों को सम्मानित कर उनके कार्यों को नई पहचान देने का प्रयास किया जाएगा।

सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मान केवल एक प्रमाण-पत्र या पुरस्कार तक



सीमित नहीं होगा, बल्कि समाजसेवा, समर्पण, निष्ठा और मानवता के प्रति सेवा भावना का प्रतीक बनेगा। इस आयोजन के माध्यम से देशभर के सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलेगी तथा समाज में सकारात्मक सोच और जनकल्याण की भावना को और अधिक मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा महान विभूतियों एवं समाजसेवियों के आदर्शों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। संस्था का मानना है कि ऐसे सम्मान समाज में सेवा कार्यों को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# रालोमो नवादा की कमान विनय कुशवाहा के हाथ, निर्विरोध जिला अध्यक्ष चुने गए




संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) नवादा जिला इकाई के जिला अध्यक्ष पद के चुनाव में विनय कुशवाहा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। शनिवार को नवादा शहर के तीन नंबर बस स्टैंड के समीप स्थित मोर्या गार्डन में आयोजित चुनावी बैठक में जिलेभर से पहुंचे पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में यह प्रक्रिया संपन्न हुई।निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई। नामांकन के दौरान केवल विनय कुशवाहा ने अपना पर्चा दाखिल किया। किसी अन्य दावेदार के सामने नहीं आने पर चुनाव पदाधिकारियों ने उन्हें निर्विरोध जिला अध्यक्ष घोषित कर दिया। घोषणा के साथ ही कार्यकर्ताओं ने तालियों और नारों के बीच उनका जोरदार स्वागत किया।बैठक में संगठन विस्तार, आगामी राजनीतिक गतिविधियों और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष विनय कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे और सभी साथियों को साथ लेकर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे। कार्यक्रम की देखरेख जिला संयोजक राजेंद्र कुशवाहा ने की।इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। विनय कुशवाहा के निर्विरोध निर्वाचन पर समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कौआकोल अंचल कार्यालय में जनता दरबार, तीन मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से शनिवार को कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई की गई,जिसमें कुल छह मामलों को प्रस्तुत किया गया।सुनवाई के दौरान तीन मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जिससे संबंधित पक्षों को तत्काल राहत मिली। वहीं शेष तीन मामलों में आवश्यक जांच-पड़ताल,अभिलेखों की समीक्षा एवं साक्ष्यों के आधार पर अगली तिथि निर्धारित करते हुए सुनवाई के लिए रखा गया। जनता दरबार की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता है तथा भूमि एवं राजस्व से जुड़े विवादों को स्थानीय स्तर पर निपटाने के लिए नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू,नरेंद्र कुमार,प्रकाश कुमार,दीपक कुमार,आदित्य कुमार, नितेश कुमार मिश्रा एवं लिपिक नीतीश कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष पर गायत्री मंदिर कौआकोल में विचार क्रांति गोष्ठी आयोजित



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)। वेदमूर्ति परम पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्ज्वलित अखंड दीप की प्रेरणा से संचालित अखंड ज्योति एवं युग निर्माण विचार क्रांति अभियान के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को गायत्री ज्ञान मंदिर कौआकोल परिसर में एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शांतिकुंज के प्रतिनिधि अशोक पांडे एवं तपेश्वर शांडिल्य ने अखंड ज्योति,युग निर्माण योजना,युग निर्माण पत्रिका तथा पाक्षिक पत्रिकाओं के माध्यम से समाज में आए सकारात्मक परिवर्तन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन पत्रिकाओं ने विचार क्रांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा "हम बदलेंगे, युग बदलेगा" के संकल्प को साकार करने की दिशा में लोगों को प्रेरित किया है। वक्ताओं ने मनुष्य में देवत्व के विकास तथा पृथ्वी पर स्वर्ग की स्थापना की संकल्पना को 21वीं सदी के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताते हुए उपस्थित लोगों से नियमित रूप से साहित्य अध्ययन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं परिजनों से इन पत्रिकाओं के अध्ययन से उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के अनुभव भी साझा कराए गए।कार्यक्रम में लगभग 250 पुरुष एवं महिलाओं की सहभागिता रही। मुख्य अतिथि के रूप में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आश्रम से जुड़े ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधान मंत्री अरविंद कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विचार क्रांति अभियान को समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसके व्यापक प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक केदार प्रसाद सिंह,प्रखंड समन्वयक उपेंद्र प्रसाद तथा वरीय कार्यकर्ता सुरेश प्रसाद यादव की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन गायत्री मंत्र एवं युग निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

# पटना में ग्रिल स्ट्रीट फेस्टिवल शुरू, स्वाद संग संगीत का आनंद



पटना (अपना नालंदा)। राजधानी पटना में भोजन और मनोरंजन प्रेमियों के लिए बहुप्रतीक्षित "ग्रिल स्ट्रीट फेस्टिवल" का शुभारंभ हो गया है। 29 मई से शुरू हुआ यह विशेष फूड फेस्टिवल प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और रविवार की शाम एक्जीबिशन रोड स्थित पाटलिपुत्र एग्जोटिका में आयोजित किया जा रहा है। फेस्टिवल में स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ लाइव संगीत का अनूठा अनुभव भी लोगों को आकर्षित कर रहा है।

फेस्टिवल के दौरान मेहमानों के लिए अनलिमिटेड वेज और नॉनवेज कबाब, विभिन्न प्रकार के स्ट्रीट फूड, लाइव काउंटर, स्वादिष्ट मुख्य व्यंजन, सलाद बार, पेय पदार्थ और डेजर्ट की विशेष व्यवस्था की गई है। होटल के शेफ रजनीकांत ने बताया कि फेस्टिवल के लिए विशेष मेन्यू तैयार किया गया है, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक स्वाद का बेहतरीन समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि व्यंजनों की गुणवत्ता और विविधता इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता होगी।

होटल के महाप्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि पाटलिपुत्र एग्जोटिका अपने अतिथियों को उत्कृष्ट आतिथ्य और यादगार अनुभव देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। वहीं सेल्स मैनेजर संगीता कुमारी ने बताया कि फेस्टिवल को सभी आयु वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि परिवार और मित्र एक साथ आनंददायक समय बिता सकें।

लाइव म्यूजिक कलाकारों की प्रस्तुतियां पूरे माहौल को संगीतमय बना रही हैं। फेस्टिवल का बुफे शुल्क 999 रुपये प्रति व्यक्ति (जीएसटी अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। होटल प्रबंधन ने पटनावासियों से सपरिवार शामिल होकर स्वाद और मनोरंजन से भरपूर इस विशेष आयोजन का आनंद लेने की अपील की है।

# ब्राह्मण सेवा समिति को भूमि दान, कार्यालय निर्माण का रास्ता हुआ प्रशस्त



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। क्रोंचद्वीपीय ब्राह्मण सेवा समिति को समाजसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। समिति के कार्यालय एवं अतिथि गृह निर्माण के लिए करियना निवासी श्रीमती सुनीता देवी, पति स्वर्गीय सुरेन्द्र कुमार द्वारा सिलाव के खोजागाछी क्षेत्र में स्थित तीन डिसमिल भूमि समिति के नाम निबंधित कर दान स्वरूप प्रदान की गई।

भूमि दान के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने दानदाता परिवार का सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी दुर्गा दत्त पाण्डेय ने भूमि दान को सर्वोच्च दान बताते हुए इसकी मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज और संगठन के हित में किया गया यह योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

समिति के केंद्रीय अध्यक्ष शांति सेन ने श्रीमती सुनीता देवी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा संगठन की ओर से आभार व्यक्त किया। वहीं समिति के सचिव दिलीप कुमार पाण्डेय ने सम्मान-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में नवादा, नालंदा एवं जहानाबाद जिलों से बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान आशुतोष कुमार पाण्डेय, सत्येन्द्र पाण्डेय, विशुद्धानंद पाण्डेय विभू, संजय पाण्डेय, दिनेश मोहन शर्मा, राजू मिश्रा, मृत्युंजय विशाल, शंकर पाण्डेय, विश्वनाथ पाण्डेय, मृत्युंजय पाण्डेय अविनाशी, गोपाल नाथ मृत्युंजय, राजकरण पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय तथा जयराम पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोगों ने भूमि दाता की सराहना करते हुए उन्हें समाज का दानवीर बताया।

उपस्थित लोगों ने कहा कि समिति के कार्यालय एवं अतिथि गृह निर्माण से संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा समाज के लोगों को एक स्थायी केंद्र उपलब्ध होगा।

# तीन दशक की सेवा के बाद प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार को भावभीनी विदाई



हिलसा (अपना नालंदा)। मध्य विद्यालय कपसियावां के प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विद्यालय परिसर में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके शैक्षणिक योगदान को याद किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के भूमिदाता सुबोध शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन युवा प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह एवं शिक्षिका रूपा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। समारोह का शुभारंभ समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नीतेश कुमार रंजन, प्रखंड प्रमुख मनोज पासवान, प्रमोद शर्मा एवं जितेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि अवधेश कुमार ने तीन दशक से अधिक समय तक शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित सेवा देकर एक आदर्श शिक्षक और कुशल प्रधानाध्यापक की पहचान बनाई। उन्होंने विद्यालय में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आपसी समन्वय की मजबूत परंपरा स्थापित की। उनके कार्यकाल में कई शिक्षकों को सीखने और आगे बढ़ने का अवसर मिला। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नीतेश कुमार रंजन एवं डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने कहा कि विद्यालय परिवार हमेशा उनके उत्कृष्ट कार्यों और नेतृत्व क्षमता को याद रखेगा। वहीं प्रधानाध्यापक कुमार पंकज ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद उनका सामाजिक दायित्व और बढ़ गया है।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। अजीत कुमार सिंह की विदाई कविता और गीत ने समारोह को भावुक बना दिया। छात्र-छात्राओं ने भी अपने प्रिय शिक्षक को नम आंखों से विदाई दी। समारोह में कई शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें शिक्षा जगत की प्रेरणादायी शख्सियत बताया।

# आवास खाली करने के नोटिस पर राजद का हमला, सरकार पर लगाया राजनीतिक द्वेष का आरोप



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला प्रवक्ता दीपक कुमार ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर बिहार सरकार द्वारा 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के नोटिस को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस कार्रवाई को राजनीतिक द्वेष और ओछी मानसिकता का परिचायक बताया।

दीपक कुमार ने कहा कि बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश की जनता जानती है कि 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास में राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग दो दशकों से बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को यह आवास आवंटित रहा है। ऐसे में अचानक आवास खाली करने का नोटिस भेजना राजनीतिक दुर्भावना को दर्शाता है।

राजद प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सरकार विभिन्न मामलों में अलग-अलग मानदंड अपनारही है। उन्होंने कहा कि एक ओर सत्ता पक्ष अपनी सुविधा के अनुसार सरकारी आवासों का आवंटन करता है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी नेताओं के मामले में अलग रवैया अपनाया जा रहा है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। दीपक कुमार ने कहा कि राज्य सरकार बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और अन्य जनसरोकार के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए आवास जैसे विषयों को राजनीतिक रंग दे रही है। उन्होंने दावा किया कि आम जनता महंगाई, रोजगार और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही है, लेकिन सरकार इन समस्याओं के समाधान के बजाय राजनीतिक मुद्दों में उलझी हुई है।राजद नेता ने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी। उन्होंने सरकार से जनहित के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की मांग की।

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सुनेंगे भाजपा कार्यकर्ता




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को मेहनौर स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल ने किया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि 31 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का प्रसारण होगा। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, मंडल अध्यक्षों एवं बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बूथों पर स्थानीय लोगों के साथ कार्यक्रम सुनने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी लोगों तक पहुंचाएंगे। साथ ही जरूरतमंद लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करेंगे।बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत बूथ स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके अलावा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तथा विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।राजेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने तथा संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ई. शैलेन्द्र कुमार, श्याम किशोर प्रसाद सिंह, चंद्रकांता सिन्हा, छोटेलाल राजवंशी, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, नीरज कुमार, तेजस्विता राधा, अमरेश कुमार, प्रवीण सिंह, विकास कुमार चंद्रवंशी, अमित गौरव, रूचि श्रीवास्तव, जयराम कुमार यादव, अमरकांत भारती सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरनौत नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव संपन्न



हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)। बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत शनिवार को हरनौत नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्यों के निर्वाचन के लिए चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराया गया। गुप्त मतदान के माध्यम से आयोजित इस चुनाव में नगर पंचायत के पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर तीन सदस्यों का चयन किया।

चुनाव प्रक्रिया का संचालन जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी संकेत कुमार के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में किया गया। मतदान एवं मतगणना की पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक निगरानी में संपन्न हुई। मतगणना के तुरंत बाद विजयी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई। इसके उपरांत निर्वाची पदाधिकारी ने सभी निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया तथा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

चुनाव को लेकर सुबह से ही प्रखंड मुख्यालय परिसर में राजनीतिक सरगर्मी देखने को मिली। विभिन्न वार्डों के पार्षद और उनके समर्थक परिणाम को लेकर उत्साहित नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिसके कारण पूरी चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

रोमांचक रहा मुकाबला

सशक्त स्थायी समिति के तीन पदों के लिए हुए चुनाव में कई मुकाबले बेहद दिलचस्प रहे। वार्ड संख्या 17 के पार्षद सुनील कुमार चौधरी और वार्ड संख्या 13 के पार्षद श्याम बालक साव के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। दोनों प्रत्याशियों को समान रूप से नौ-नौ मत प्राप्त हुए। मतों की बराबरी होने के कारण निर्वाची पदाधिकारी की देखरेख में लॉटरी प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें सुनील कुमार चौधरी विजयी घोषित किए गए।

दूसरे मुकाबले में वार्ड संख्या 14 के अनिल कुमार ने वार्ड संख्या 15 के राजीव रंजन कुमार को पराजित किया। अनिल कुमार को 10 मत प्राप्त हुए, जबकि राजीव रंजन कुमार को 7 मतों से संतोष करना पड़ा।

वहीं तीसरे मुकाबले में वार्ड संख्या 9 के सूरज कुमार ने वार्ड संख्या 2 की पार्षद बबीता पांडे को शिकस्त दी। सूरज कुमार को 9 मत मिले, जबकि बबीता पांडे को 8 मत प्राप्त हुए। इस चुनाव में एक मत अवैध घोषित किया गया।

विजय के बाद जश्न का माहौल

परिणाम घोषित होते ही निर्वाचित सदस्यों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने विजयी उम्मीदवारों को फूल-मालाओं से लादकर बधाई दी और उनके समर्थन में नारेबाजी की। सभागार परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

नवनिर्वाचित सदस्यों ने अपनी जीत पर नगर पंचायत क्षेत्र की जनता और पार्षदों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार तथा आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे।इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि शिशुपाल कुमार, संतोष कुमार, रोहित कुमार उर्फ मिलन जी समेत कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने विजयी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।चुनाव को सफल, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने में जिला पंचायती राज पदाधिकारी संकेत कुमार के अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार, अंचलाधिकारी पूजा कुमारी, आरओ ऋतुरिमिम, शिवेंदु कुमार तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता और बेहतर प्रबंधन के कारण चुनाव प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# हरनौत में 50 दिवसीय अमीन प्रशिक्षण शुरू, युवाओं को मिलेगा रोजगार

हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार के हरेका स्थित एक निजी कॉलेज में ग्रामीण विकास सह समाज कल्याण सेवा संस्थान के नियंत्रण में 50 दिवसीय भूमापक (अमीन) सर्वे तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक जून से शुरू होगा, जिसमें युवाओं को भूमि मापन एवं सर्वेक्षण से संबंधित व्यावहारिक और तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी।

संस्थान की ओर से बताया गया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं एक जून से कॉलेज परिसर में पहुंचकर अपना पंजीकरण एवं नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण प्रभारी कन्हैया कुमार एवं पुष्पराज गुप्ता ने बताया कि अमीन का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे। भूमि मापन, सीमांकन और भूमि विवादों के समाधान में प्रशिक्षित अमीनों की मांग लगातार बढ़ रही है।

# शिक्षक हितों के लिए संघर्ष के आधार पर मांगा समर्थन : नवल किशोर यादव



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य एवं शिक्षक नेता नवल किशोर यादव का रहुई प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय पतासंग में शनिवार को भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में रहुई, बिहारशरीफ, हरनौत सहित विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया और उनका जोरदार स्वागत किया।गौरतलब है कि पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव आगामी माह में प्रस्तावित है। इसी को लेकर नवल किशोर यादव नालंदा, नवादा और पटना जिलों में शिक्षकों के बीच संपर्क एवं संवाद अभियान चला रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिक्षकों से अपने पक्ष में समर्थन की अपील की।अपने संबोधन में नवल किशोर यादव ने कहा कि उन्होंने हमेशा शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने जोजिम्मेदारी उन्हें सौंपी थी, उसे उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास किया। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि चुनाव के दौरान किसी के बहकावे में आने के बजाय उम्मीदवारों के कार्यों का मूल्यांकन करें और यह देखें कि किसने शिक्षक हितों के लिए वास्तविक संघर्ष किया है।उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के सम्मान की रक्षा के लिए उन्होंने सड़क से लेकर सदन तक लगातार आवाज उठाई है। वहीं उपस्थित शिक्षकों ने भी कहा कि शिक्षक समाज को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो उनके अधिकारों और सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ सके।

कार्यक्रम का संचालन भारतेंदु कुमार एवं राकेश पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ. नुसरत जहां, अरुण दयाल, सुनीता सिन्हा, भारतेंदु कुमार, अजीत यादव, रविंद्र प्रसाद, एखलाक अहमद, अमीन अहमद, रणविजय कुमार, शैलेंद्र कुमार, विजय पांडेय, राकेश कुमार, राजेश कुमार, विनय कुमार, उच्च विद्यालय पतासंग के प्रधानाध्यापक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# आंधी-बारिश से बर्बाद हुई पान की फसल, किसानों ने मांगा मुआवजा



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर प्रखंड के बरदाहा पंचायत अंतर्गत अर्जुन सेरथुआ गांव में शुक्रवार को आई तेज आंधी और बारिश ने पान किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। प्राकृतिक आपदा के कारण लगभग एक एकड़ क्षेत्र में लगी पान की फसल पूरी तरह प्रभावित हो गई, जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।घटना की जानकारी मिलने पर नालंदा जिला बीस सूत्री सदस्य धर्मेंद्र चौहान प्रभावित किसानों से मिलने गांव पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने प्रशासन और राज्य सरकार से किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की।धर्मेंद्र चौहान ने अंचल अधिकारी से दूरभाष पर बातचीत कर प्रभावितकिसानों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर अंचल अधिकारी ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों द्वारा क्षति का आकलन कराया जाएगा और जांच रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही आपदा पीड़ित किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी।फसल नुकसान से प्रभावित किसानों में दिलीप चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, जितेंद्र चौरसिया, अवधेश चौरसिया, मदन चौरसिया और निवास चौरसिया शामिल हैं। किसानों ने बताया कि तेज हवा और बारिश के कारण पान की खेती को भारी क्षति पहुंची है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा।गौरतलब है कि 29 मई को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आई तेज आंधी और बारिश ने व्यापक तबाही मचाई थी। इसी प्राकृतिक आपदा के कारण सेरथुआ गांव में पान की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसान चिंतित और परेशान हैं।